# म.प्र. रोड डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड

(मध्य प्रदेश शासन का उपक्रम)

## कार्यालय – संभागीय प्रबंधक

व्ही.आई.पी. (सरकुलर) रोड, फॉरेस्ट कॉलोनी

छिन्दवाड़ा (म.प्र.) पिन 480001, फोन नं-. 07162-292624

**Email:-** dm-chhindwara@mp.gov.in CIN: U45203MP2004SGC016758


पत्र क्र. 38 /115/ हर्रई–बिजोरी/एमपीआरडीसी/2022 छिंदवाड़ा, दिनांक 19/04/2022

प्रति,

वनमंडलाधिकारी,
पश्चिम छिन्दवाड़ा,
वनमंडल छिंदवाड़ा (म.प्र.)

**विषयः–** छिंदवाड़ा जिले के अन्तर्गत शासन की एडीबी–6/7 योजना अंतर्गत स्वीकृत हर्रई–बिजोरी मार्ग (राज्यमार्ग क्रमांक–41) कुल लंबाई 72.73 कि.मी. के उन्नयन कार्य में प्रयुक्त होने वाली 6.372 हेक्टेयर वनभूमि के संबंध में।

**संदर्भः–** आपका पत्र क्रमांक/मा.चि./2021/1024 छिंदवाड़ा, दिनांक 30/03/2022।

उपरोक्त विषयांर्गत एवं संदर्भित पत्र के तारतम्य में लेख है कि म.प्र. सड़क विकास निगम के अन्तर्गत छिंदवाड़ा जिले के अन्तर्गत शासन की एडीबी–6/7 योजनांतर्गत हर्रई–बिजोरी मार्ग (राज्यमार्ग क्रमांक–41) कुल लंबाई 72.73 कि. मी. का उन्नयन कार्य स्वीकृत है। वर्तमान में मुख्यालय भोपाल द्वारा निविदा की कार्यवाही प्रचलित है। मार्ग उन्नयन कार्य हेतु वनक्षेत्र की 6.372 हैक्टेयर वन भूमि की आवश्यकता है, जिसकी स्वीकृति हेतु आनलाईन प्रकरण पृविष्टि का पालन प्रतिवेदन निम्नानुसार हैः–

| क्र. | प्रकरण का बिन्दुवार विवरण | टीप |
|---|---|---|
| 1 | प्रस्तावित मार्ग निर्माण में राजस्व भूमि तो प्रभावित नहीं हो रही है इस संबंध में तहसीलदार का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। | प्रमाण पत्र संलग्न। |
| 2 | प्रस्तावित मार्ग में आने वाले वृक्षों की गणना वन परिक्षेत्राधिकारी तामिया से कराकर तत्काल प्रस्तुत करें। | वन परिक्षेत्राधिकारी पश्चिम हर्रई से प्राप्त प्रभावित वृक्षों की सूची संलग्न एवं अन्य वन परिक्षेत्राधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण किया गया एवं उनके द्वारा अवगत कराया गया कि मार्ग में आने वाले वृक्षों का गणना पत्रक वन विभाग जिला कार्यालय छिन्दवाड़ा में प्रेषित किया गया है। |
| 3 | प्रस्ताव में पंजीयन शुल्क की राशि रू. 1000.00 एवं प्रोसेसिंग शुल्क की राशि रू. 5000.00 कुल राशि रू. 6000.00 का (छः हजार रूपये मात्र) को कोषालय के माध्यम से राजस्व मद मुख्य शीर्ष/उप मुख्य शीर्ष 0406 वानिकी ओर वन्य जीवन लघु शीर्ष 800 अन्य प्राप्तियों में जमा की गई है। किन्तु चालान की प्रति कोषालय से सत्यापित नहीं कराई गई है। अतः चालान की प्रति सत्यापित कराकर इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। | चालान की सत्यापित प्रति संलग्न। |

**सहपत्रः–** उपरोक्तानुसार।

o/c (हस्ताक्षर) 19/4/22
संभागीय प्रबंधक
एमपीआरडीसी छिंदवाड़ा

पृष्ठा. क्र. 39 /115/हर्रई–बिजोरी/एमपीआरडीसी/2022 छिंदवाड़ा, दिनांक 19/04/2022

**प्रतिलिपिः–**

1. मुख्य अभियंता (ए.डी.बी.–6/7), एमपीआरडीसी भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. सामाजिक सुरक्षा विशेषज्ञ, एमपीआरडीसी भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3. पर्यावरण सुरक्षा विशेषज्ञ, एमपीआरडीसी भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. श्री दिलीप सिंह तेकाम, सहायक महाप्रबंधक/श्री आर.के. सोनी, प्रबंधक, एम.पी.आर.डी.सी. छिन्दवाड़ा की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. मैसर्स हाईवे इंजीनियरिंग कन्सलटेंट कन्स्ट्रोलियम ब्रिक्स इंजीनियरिंग कन्सलटेंट एण्ड टेक्नोक्रेट्श प्रा. लि. भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(मुहर: कार्यालय पश्चिम वनमंडल छिन्दवाड़ा (म.प्र.) क्रमांक 82 दिनांक 20/4/22)

o/c (हस्ताक्षर) 19/4/22
संभागीय प्रबंधक